तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024

12 भगवान की शक्ति ही भक्तों की करती है रक्षा

11 स्वच्छता व स्वास्थ का है जीवन में गहरा नाता




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड
एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सिंचाई के लिए किसानों ने मांगा बिजली कनेक्शन



**बालोद।** ग्राम पंचायत बड़ा जुंगेरा के आश्रित ग्राम रूपूटोला के किसानों ने कृषि कार्य हेतु बिजली कनेक्शन प्रदान करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत बड़ागेरा के आश्रित ग्राम रूपूटोला के सभी किसान गरीब वर्ग से हैं, हमारी सभी कृषि भूमि खरखरा नदी के समीप लगी हुई है, लेकिन हम सिर्फ बरसात के समय में ही फसल ले पाते हैं, हमारे पास सिंचाई का कुछ भी साधन नहीं है। जिसके कारण हम ठीक से कृषि कार्य नहीं कर पाते और हमें हमारी फसल का सही उत्पादन नहीं मिल पाता, जिसके कारण हमारी जीवकोपार्जन में बहुत ही समस्या होती है। इसलिए हमारी समस्या को ध्यान में रखते हुए कृषि भूमि पर सिंचाई के साधन के लिये बिजली कनेक्शन दिलवाया जाए।

### कम्प्यूटर आपरेटरों की हड़ताल कल से

**अंडा।** प्रदेश में कम्प्यूटर ऑपरेटरों के कारण प्रदेश में धान खरीदी सफलता पूर्वक हो रही है, लेकिन उनके मांगों को सरकार लगातार नजर अंदाज कर रही है। इन्ही मांगों को लेकर वे 12 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। उनकी मांग है कि 1.अप्रैल 2025 में आउटसोर्सिंग की कार्यवाही, विभाग तय नहीं हुआ, वेतन वृद्धि नहीं हुई, समय पर वेतन नहीं मिलता फिर से 24-25 का ये पांचवा माह रनिंग चल रहा है वेतन नहीं आया है। अगस्त 23 के वेतन के संबंध में शासन कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। पिछला 7 माह का वेतन जारी हुआ उसमें भी बहुत लोग की कटौती की गई, पिछले हड़ताल के 37 दिन को कार्य अवधि मानने हेतु कोई आदेश शासन द्वारा जारी नहीं किया गया। इन सभी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

### उपरपारा में दो ग्रामीणों के बीच हुआ जमकर विवाद

**बालोद।** ग्राम घोटिया के उपरपारा में दो ग्रामीणों के बीच विवाद हुआ है। इस मामले पर डौंडी थाने में 6 दिसंबर को तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जहां नगीना ठाकुर की शिकायत पर हिमाचल गावडे के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और हिमाचल गावडे की शिकायत पर नगीना ठाकुर एवं धन्नु ठाकुर के खिलाफ 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 308(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम घोटिया निवासी नगीना ठाकुर ने बताया कि 5 दिसंबर को रात करीबन 07.30 बजे गांव का हिमांचल गावड़े द्वारा मेरे घर के सामने आकर बेवजह पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर धक्का दिया है। मामले में दूसरे पक्ष के हिमांचल गावड़े ने बताया कि गांव का नगीना ठाकुर एवं धन्नु ठाकुर द्वारा गाली गलौज कर मारपीट करने एवं धन्नु ठाकुर द्वारा साहू समाज के लोगों के साथ बातचीत एवं काम करता है करके पूर्व में 5500 रुपए दण्ड लिया गया है।

## किसानों की समस्याओं का निराकरण कराने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# धान खरीदी में अव्यवस्था से कांग्रेस में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






जिला मुख्यालय में मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस कमेटी बालोद धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या निराकरण किये जाने हेतु 11 बिन्दुओं का ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा।

ज्ञापन में मांग की है कि धान खरीदी केन्द्रों में फैली अव्यवस्था तथा सरकार की नीतियों के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के नेता, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गए, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा, धान खरीदी केन्द्रों पर किसान की परेशानियों को चिन्हांकित किया। इसमें खरीदी केन्द्रों में बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा है। सरकार ने कहा है 50 प्रतिशत नए, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये, 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुए है, जिसमें धान भरा भी नहीं जा सकती, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानों की व्यवस्था स्वयं करो, उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानों के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, नंबर ही नहीं आ रहा, टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिए किसानों को बुलाया जा रहा है, 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा है। इलेक्ट्रानिक कांटा में जो तौलाई हो रही है उसे 1.5 से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है, सोसायटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण जगह की कमी है, धान के बोरे जाम है, जगह का अभाव हो गया है। आनावरी रिपोर्ट कम बनाई गई है तथा खरीदी भी 21 क्विंटल के हिसाब से नहीं हो रही है, किसानों से पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा है, आनावरी रिपार्ट गलत बनायी जा रही है, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12–14 क्विंटल धान खरीदा जा रहा।

### खाते में पैसा नहीं

बड़े किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं उनकी बारी ही नहीं आ रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 71 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके हैं उनके खाते में रकम हफ्तों तक नहीं आयी है, जो रकम आ रही है वह एक मुस्त 3100 नहीं है, सिर्फ 2300 रुपए प्रति क्विंटल ही आ रही है। भाजपा ने 3100 रू. एक मुस्त देने का वादा किया था। हमारी मांग है कि कीमत का भुगतान 3217 रू. में करें, क्योंकि 3100 रू. भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था, इस वर्ष केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है, इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जावे। इस दौरान जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, धीरज उपाध्याय, कमल टुवानी, चन्द्रेश हिरवानी, पुरूशोत्तम पटेल व कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, चार हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



- बाइक चालक को बचाने के चक्कर में घटी घटना

धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी बस मोटर सायकिल को बचाने के प्रयास में मरकाटोला के पास पलट गई, जिसमें 4 यात्री घायल हो गए। घटना मंगलवार के दोपहर की बताई जा रही है, जब धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी महिन्द्रा कंपनी की बस सीजी 07 ई 1484 मरकाटोला मोड़ के पास बाइक चालक को बचाने के चक्कर में सड़क से नीचे पेड़ से टकराते हुए गाड़ी पलट गई, जिसके कारण बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए तथा गाड़ी में सवार अन्य यात्री सुरक्षित है। बस पलटने की खबर इतनी तेजी से फैली कि घटना स्थल पर लोगों का हुजुम उमड़ गया तथा आते-जाते हर राहगीर घायलों की पूछ परख कर रहा था। वही बस में सवार कई यात्री अपने आप को सुरक्षित पाकर अपने परिजनों को फोन के माध्यम से जानकारी प्रदान करते दिख रहे थे।

घायल यात्रियों को धमतरी के रक्तदान ग्रुप सेवा प्रधान धमतरी के एम्बुलेंस तथा 108 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बाकी सामान्य यात्रियों को पुनः पुरूर छोड़ा गया।

# जिला मुख्यालय में खोला जाए रोजगार कार्यालय



- भाजपा महिला मोर्चा ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** भाजपा महिला मोर्चा बालोद ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। महिला मोर्चा बालोद ने अपनी बातें रखीं। महीला मोर्चा महामंत्री डॉ. मोना टुवानी ने बताया कि हमने उनसे रोजगार कार्यालय को बालोद में खुलवाने का आग्रह किया, जिससे कि यहां के युवाओं को पंजीयन में आसानी हो और उन्हें इसके लिए सिवनी ना जाना पड़े, जहां अभी वर्तमान में रोजगार कार्यालय चल रहा है।

डॉ. टुवानी ने बताया हमने जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की, जिससे कि यहां के मरीजों को उसका लाभ मिले, साथ ही साथ जिला अस्पताल में एक कैंटीन की भी मांग की। आगे डॉ. मोना ने बताया कि हमने जिला एवं सत्र न्यायालय को बालोद में निर्मित करने की मांग की, भले ही इसका निर्णय हाई कोर्ट लेगा, लेकिन डॉ. टुवानी ने उनसे आग्रह किया कि सरकार को इसमें हस्तक्षेप कर जिला एवं सत्र न्यायालय को बालोद शहर में ही रखकर यहां के लोगों का व्यापार और शहर की रौनक को बनाए रखने की मांग की। इस दौरान महिला मोर्चा की सुनीता मनहर, प्रतिमा यादव, वर्तमान पार्षद एवं महामंत्री सरोजिनी साहू, पूर्व पार्षद छवि सर्वा एवं श्वेता साहू इसमें उपस्थित रहीं।

# आपसी रंजिश पर दो पक्षों में हुई मारपीट

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में रंजिश के चलते 2 परिवारों के 6 लोगों के बीच विवाद व मारपीट की गई है। मामले में दोनों पक्ष ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के अनुसार योगिता साहू की रिपोर्ट पर चार लोगों के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है और दूसरे पक्ष के दाऊ लाल साहू की रिपोर्ट पर धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

योगिता साहू ग्राम हीरापुर निवासी ने बताया है कि शुक्रवार को रात करीबन 8 बजे खाना खाकर बर्तन साफ कर रही थी मेरे पति घर के बाहर गली में खड़ थे, उसी समय पड़ोसी दाऊ लाल साहू आया, जिसे मेरे पति दिनेश कुमार साहू द्वारा बोला गया कि क्यों आपकी पत्नी कीर्ति मेरी पत्नी को ताना मारती है, कहने पर दाऊलाल द्वारा झगड़ा लड़ाई करने लगा, आवाज सुनकर दाऊलाल की पत्नी और दो बेटे भी वहां पर आ गये और सभी एक साथ मिलकर गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए, पति के सिर पर रॉड मारा दिया तथा हाथ और मुक्का से भी मारपीट की गई। वहीं दाऊलाल साहू ने कहा पत्नी के साथ घर के बाहर गली में खड़े थे उसी समय पड़ोसी दिनेश साहू एवं उसकी पत्नी योगिता साहू कुछ दिन पहले हुए वाद विवाद को लेकर मेरी पत्नी कीर्ति साहू को देखकर गालियां दी, जिसे मना किया तो दोनों मिलकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर दोनों ने मारपीट किया है।

# ब्लॉक कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्रों में फैली अव्यवस्था तथा किसानों की समस्या का निराकरण किए जाने ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार गुण्डरदेही कोमल सिंह ध्रुव को सौंपा गया। विदित हो कि 3 दिसंबर को कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया, जिसमें कांग्रेस के नेतागण, पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों पर गए, जहां उन्होंने किसानों की परेशानियों को देखा, केंद्रों पर किसान निम्नांकित परेशानियों से जूझ रहे हैं।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, संजय बारले, पार्षद मो सलीम, जोन अध्यक्ष सलीम खान, तरुण साहू, रामस्वरूप साहू, जनपद सदस्य ममता चंद्राकर, मोजीराम साहू, लिखन निषाद, निजानंद चंद्राकर, उस्मान रजा, विजय चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, राहुल रात्रे, श्रीराम ठाकुर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनाने ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** ग्राम पंचायत कुंआगांव के आश्रित ग्राम गणेश खपरी के ग्रामीणों ने ग्राम गणेश खपरी को स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कुआगांव के आश्रित ग्राम गणेश खपरी तहसील मार्रीबंगला देवरी विधानसभा गुण्डरदेही है तथा ग्राम गणेश खपरी की जनसंख्या 1171 है एवं कुआगांव की जनसंख्या 1251 है, जनसंख्या के हिसाब से गणेश खपरी स्वतंत्र पंचायत बन सकती है। इसलिए गणेश खपरी को स्वतंत्र पंचायत घोषित किया जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

# निर्माण कार्य अधूरा, कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम देवरी के ग्रामीणों ने ठेकेदार पर उचित कार्रवाई कर अधूरा कार्य को पूर्ण करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम देवरी ग्राम पंचायत खरथुली के अर्न्तगत शेड निर्माण का कार्य विगत वर्ष 2021 को स्वीकृत किया गया था। जिसका कार्य आज भी अधूरा है। इसकी सूचना पंचायत द्वारा शासन प्रशासन को दी चुकी है। उसके बाद भी ठेकेदार द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया जा रहा है। इस कारण ग्रामवासी को कठिनाइयों सामना करना पड़ रहा है। प्रशासनिक कार्य की अनदेखी कर ठेकेदार ग्रामवासी को गुमराह कर रहा है। इसलिए ठेकेदार एवं एजेन्सी पर उचित कार्रवाई कर कार्य को पूर्ण कराया जाए।

## किसानों ने अब तक एक लाख क्विंटल से अधिक बेचा धान

# धान परिवहन का अभाव किसानों के लिए बना सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर





धान खरीदी केंद्रों में खरीदी तेज गति से जारी है, आन लाइन टोकन 15 जनवरी तक और ऑफ लाइन टोकन ग्राम रोस्टर पद्धति से वितरित व्यवस्थित तरीके से हो रहा है।

किसानों को टोकन की परेशानी से ज्यादा परिवहन के अभाव में सोसायटी में जगह की कमी के चलते खरीदी बंद हो जाने की खतरा मंडरा रहा है। सोमवार को परिवहन प्रारंभ होने की खबरें सामने आई थी लेकिन यह खबर केवल अफवाह बनकर किसानों के लिए सिरदर्द बनने लगी है।

### बंद हो सकती है खरीदी

शाखा प्रबंधक संतराम सेन जामगांव आर केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर ने बताया कि चार सोसायटी जामगांव आर, बटरेल, भरर, कुम्हली में 2176 किसानों ने 1 लाख 7 हजार 575 क्विंटल धान 24 करोड़ 82 लाख 4 हजार में बेचकर 8 करोड़ 42 लाख 56 हजार रुपए का ऋण भी अदा कर चुके हैं। अब चारों सोसायटियों को मात्र लगभग 1 लाख 48 हजार 529 क्विंटल धान खरीदना शेष है और समय पर्याप्त है। समस्या केवल परिवहन की है। परिवहन का आश्वाशन का क्रियान्वयन नहीं हुआ तो सोसायटी में धान रखने की समस्या आते ही खरीदी बंद हो जाना स्वाभाविक है।

### किसानों के धान मापदंड अनुरूप खरीदेंगे

डीडाभाठा सोसायटी अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि 8 करोड़ 18 लाख 688 रु की धान खरीदी हो चुकी है। परिवहन की समस्या हल होने की संभावना बनी हुई है। ऑनलाइन टोकन 15 जनवरी तक और ऑफ लाइन टोकन 10 जनवरी तक वितरित किया जा चुका है। सोसायटी में जब तक जगह है खरीदी जारी रहेगी। परिवहन चालू होते ही जगह बनती जाएगी, पर्याप्त समय है धान खरीदी के लिए कोई भी किसान वंचित नहीं होंगे।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खरीदी केंद्र के बाहर टांगी गई सूचना, कोटवार गांवों कर रहे मुनादी

# धान परिवहन की धीमी गति खरीदी आज से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में धान की बफर लिमिट से पांच गुना खरीदी होने व धान परिवहन की धीमी रफ्तार के चलते फड़ में धान जाम हो जाने से समिति प्रबंधक द्वारा 11 दिसंबर बुधवार को से धान खरीदी बंद करने की सूचना उच्चाधिकारियों, किसानों सहित सूचना पटल में चस्पा कर दी गई है। साथ गांवों में कोटवारों ने भी मुनादी कर धान बिक्री बंद रहने की जानकारी ग्रामीण किसानों को दे रहे है, जिससे बुधवार को धान बिक्री करने के लिए कटाए गए टोकन धारी किसान चिंतित नजर आ रहे हैं कि लम्बा इंतजार के बाद टोकन कटा था, अब समय आया तो समिति द्वारा धान खरीदी बंद होने की सूचना दे दी है।

धान खरीदी केंद्र शिकारीटोला में मंगलवार को किसान धान बिक्री करने वाहनों में भरकर पहुंचे थे तो अंदर वाहन ले जाने में काफी असुविधा हुई। कुछ किसान धान खरीदी केंद्र के मुख्य द्वार के बाहर सड़क में ही धान खाली करने के बाद बोरो में भरकर उसी जगह कांटा से तौलाई किया गया, तो वही अंदर में भी मंगलवार को धान बेचने आए किसानों का बमुश्किल से धान खरीदी किया गया।



**जल्द हो धान का परिवहन**

अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने कहा की शासन प्रशासन समर्थन मूल्य में खरीदे गए धान का परिवहन जल्द से जल्द कराए, जिससे किसानों को धान बिक्री करने में परेशानियों का सामना ना करना पड़े। साथ ही जिन किसानों का टोकन कटा है उन्हें धान खरीदी चालू होने पर प्राथमिकता दिए जाने की मांग की है।

**अब तक 8 हजार क्विंटल खरीदा गया धान:** धान खरीदी केंद्र की बफर लिमिट 8000 क्विंटल है, किंतु 10 दिसंबर को समाचार लिखे तक क्विंटल धान की खरीदी की गई, जिसमे मोटा धान 9585 क्विंटल, पतला धान 26253.60 क्विंटल, सरना धान 5237.60 क्विंटल है, जिसमे से संग्रहण केन्द्र को 4200 क्विंटल धान जिसमें 2680 क्विंटल मोटा धान, 1240क्विंटल पतला धान, 1240 क्विंटल सरना धान परिवहन किया गया है। आज धान खरीदी केंद्र में 35906.80 क्विंटल धान स्टॉक फड़ में रखा हुआ है। खरीदे गए धान की कुल राशि 9,49,76,712 रुपयों की गई, जिसमें 2,41,01,933 रुपयों की ऋण वसूली की गई है। बुधवार 11 दिसंबर को 68 किसानों ने 2864 क्विंटल धान बिक्री के लिए टोकन कटाया था, वे धान बिक्री करने के लिए पूरी तैयारी कर ली थी। धान ले जाने के लिए वाहन के लिए एडवांस राशि भी दे दिए थे। वहीं धान भरने, पाला करने के लिए मजदूर को बोल दिए थे, टोकन कटाए किसान चिंतित है कि धान कटाई के लगभग एक माह बाद तो नंबर आया था फड़ में जगह ना होने के कारण धान खरीदी बंद हो जाने से धान नहीं बेच पाए है। अब ना जाने कब धान का परिवहन होगा और हमारा नंबर कब आएगा या फिर टोकन फिर से कटाना पड़ेगा किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।

## अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा वार्ड नंबर 13 में अवैध शराब को लेकर वार्डवासी सामने आए और एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रभाव से अवैध शराब को रोक लगाने की मांग किए हैं। दल्ली राजहरा के वार्ड नंबर 13 की एक गंभीर समस्या को उजागर करती है, जहां देशी और विदेशी शराब की दुकान से स्थानीय निवासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उठाए गए बिंदुओं से स्पष्ट होता है कि इस दुकान की वजह से वार्डवासियों को सामाजिक, स्वास्थ्य और शैक्षिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

दुकान के कारण गली और मोहल्लों में धूल और गंदगी बढ़ गई है, जिससे निवासियों को एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो रही हैं। शराब खरीदने वालों के कारण झगड़े, गाली-गलौच, और असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। महिलाएं और बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आईटीआई के छात्रों को शराब की दुकान के पास आने-जाने में असुविधा हो रही है, जो उनके पढ़ाई के माहौल को प्रभावित कर रहा है।

पहले जो शांतिपूर्ण माहौल था, वह अब शराब की दुकान खुलने के कारण नष्ट हो गया है। वार्डवासियों ने देशी-विदेशी शराब की दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है ताकि वार्ड में शांति और सुरक्षित वातावरण बहाल हो सके। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से ईश्वर निर्मलकर, रामदास मानिकपुरी, संजय कुमार, विजय कुमार सिन्हा, संजय कुमार सोनवानी, नवीन साहू, हर्षवर्धन साहू, रामसिंग साहू और अन्य स्थानीय निवासी शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### बिरेतरा में हुआ मितानिन सम्मान

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत बिरेतरा (भा.) के सभागार में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरपंच योगेश देशमुख ने बताया की विगत पांच वर्षों से ग्राम पंचायत द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र बिरेतरा में पदस्थ समस्त कर्मचारियों एवं मितानिनों का सम्मान करते आ रहे और उसी परम्परा को बनाये रखते हुए आज ग्राम पंचायत सभागार में उप स्वास्थय केंद्र में पदस्थ आर.एच.ओ डॉ सुदर्शन साहू एवं नए आरएच.ओ. गुनीता साहू एवं समस्त मितानिनों का ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

### वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि मनी



**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में शहीद वीरनारायण सिंह की पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख डॉ. रोशन आरा के द्वारा वीरनारायण सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुये देश के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीरनारायण सिंह है, जिन्होंने अंग्रेजों से देश को आजादी दिलाने के लिए लोहा लिया। वीरनारायण सिंह को मजदूर तथा किसानों के मसीहा के रूप में भी याद किए जाते हैं। उन्होंने लोगों को भोजन प्रदान करने हेतु अंग्रेजों से छिनकर आम जनता को बांट दिया , जिसके कारण उसे रायपुर में फांसी दे दी गई। उन्हें छ.ग. का प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक-कर्मचारी व छात्र-छात्रायें उपस्थित थीं।

### स्कूल पहुंच मार्ग सीसी बनाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद।** शाला विकास प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला रूपुटोला ने स्कूल पहुंच मार्ग पर सीसी रोड़ निर्माण किए जाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रूपुटोला सन-2006–07 से निर्मित है, चूंकि शाला पहाड़ी के उपर स्थित है, इसलिए बच्चों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि बच्चों के स्कूल आने जाने के लिए सीसी रोड़ का निर्माण किया जाए, ताकि उक्त समस्या से बच्चों को निजात मिल सके।

### शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने चला विशेष अभियान

**भिलाई।** सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार से 20 दिसम्बर तक सभी नगरीय निकायों में अलग-अलग गतिविधियां कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। जिसके तहत नपानिभि में सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की रैली निकाली गई।

## कॉलेज के छात्रों को मिली चिकित्सा बस की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा की विशेष पहल पर चिकित्सा बस की सुविधा कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रदान करायी गई है। इसके तहत महाविद्यालय के 350 से अधिक छात्र-छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण किया गया। यह पहली बार है कि किसी जनभागीदारी अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं के स्वास्थ की चिंता करते हुए चिकित्सा बस की सुविधा कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रदान करवाई है। नंदकिशोर शर्मा ने अपने टीम के जनभागीदारी सदस्य चौलेश कुमार देशमुख के साथ कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने का टिप्स प्रदान किए एवं बस सुविधा प्रत्येक माह में 1 बार उपलब्ध करवाये जाने की बात कही।

नंदकिशोर शर्मा ने कहा हम लगातार देख रहे हैं कि युवा पीढ़ी भी असाध्य रोगों से पीड़ित हो रही है, युवाओं को हार्ट अटैक आने लकवा ग्रस्त होने, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की शिकायत भी सामने आ रही है। ऐसे में अब सभी को नियमित स्वास्थ परीक्षण कराना चाहिए। इसी बात को ध्यान रखते हुए महाविद्यालय के बच्चों के लिए चिकित्सा बस के लिए स्वास्थ विभाग से बात कर व्यवस्था कराई है। हमारा प्रयास होगा कि माह में कम से कम एक बार चिकित्सा बस की सुविधा उपलब्ध हो।

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था कांग्रेस ने किया आंदोलन



**अंडा।** जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ धान खरीदी के मामले में हो रहे अत्याचार के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन ग्राम अंजोरा (ख)किया गया।

इसमें धान खरीदी केंद्र में प्रशासनिक अव्यवस्था जैसे उठाव के अभाव में धान खरीदी बंद, बारदाने की कमी, टोकन की अव्यवहारिक व्यवस्था, वजन में डेढ़ से दो किलो का नुकसान, 21 क्विंटल खरीदी में गफलत, 3100 एकमुस्त राशि न देना सहित किसानों को होने वाले अन्य परेशानी के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, केशकला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नन्द कुमार सेन, जनपद सदस्य टीकेश्वरी लाल देशमुख, जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, जिला पंचायत सभपति लक्ष्मी साहू, युवा अध्यक्ष जयंत देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, सहकारी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रिवेंद्र यादव, मोहन हरमुख, हेमंत देशमुख महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, NSUI, किसान कांग्रेस, सेवादल एवं जिला, जनपद, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत निर्वाचित जनप्रतिनिधि सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के समस्त कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ग्राम को स्वच्छ बनाये रखने सरपंच ने पंचायत में बांटा डस्टबीन



**लाटाबोड़।** ब्लॉक मुख्यालय गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत बिरेतरा में मंगलवार को ग्राम के प्रत्येक राशनकार्डधारी एवं दुकानदारों को कचरा संग्रहण करने हेतु सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा डस्टबीन का वितरण किया गया।

सरपंच योगेश देशमुख ने बताया की ग्राम पंचायत बिरेतरा में भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन तथा ओ डी एफ प्लस की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जय मां शीतला महिला स्वसहायता समूह द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य विगत छः महीने से किया जा रहा हैं। इसमें महिला समूह द्वारा प्रत्येक घरों से गिला एवं सूखा कचरा प्रबंधन का कार्य कर रहे हैं। इन समूह के कार्य एवं ग्राम को स्वच्छ बनाने ध्यान मे रखते हुए मेरे एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के जनपद सदस्य को डस्टबीन की मांग की गई थी, जिस पर जनपद सदस्य ने अपने 15वें वित्त से 1.80 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी, जिससे आज ग्राम पंचायत के सभी राशनकार्ड धारियों एवं दुकानदारों को डस्टबीन वितरण किया गया। उम्मीद हैं समस्त ग्रामवासी डस्टबीन का प्रयोग करते हुए ग्राम को साफ एवं स्वस्च्छ रखने में ग्राम पंचायत का पूरा सहयोग करेंगे। इस अवसर पर सरपंच योगेश कुमार देशमुख, उपसरपंच कृपाराम निषाद, पंचायत सचिव सुरेश साहू एवं समस्त पंचगण, रोजगार सहायक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## विधायक ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**गुण्डरदेही/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भटगांव में सीसी रोड, कलामंच, इंटरलाकिंग सेग्रीकेशन, शीतला मंदिर में टाइल्स एवं रंगरोगन कार्यों का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद थे, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, जनपद सदस्य दीपक साहू, खेमलाल साहू, भोजराज साहू, तरुण साहू, चन्द्रहास केशरिया उपस्थिति हुए। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र ही हमारे भारत के विकास का आधार है, गाँवों के विकास के बिना हम प्रदेश और देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते। जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कहा कि बिजली, पानी सड़क, स्वास्थ्य एवं अधोसंरचना के विकास से ग्रामीण क्षेत्र विकास पथ पर अग्रसर हो रहे हैं, किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए ग्राम का विकास ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार दोगुने गति से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे। हम सबको मिलजुल कर अनेक विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच भीखा राम साहू, उपसरपंच प्रेमसिंह केशरिया, ढाल सिंह, यादराम, धरमदास, अंबालिका, कीर्ति साहू, मंजू मेश्राम, सुनीता साहू, मीना बाई, राधाबाई सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामवासियों की मौजूदगी रही।

## छात्रों ने कोड़ेवा में लगाया शिविर

**बालोद/सिकोसा।** गुण्डरदेही कॉलेज का एनएसएस शिविर शहीद कौशल यादव कॉलेज गुण्डरदेही के एनएसएस छात्रों ने ग्राम कोड़ेवा में लगाया है। सात दिवसीय शिविर में स्वास्थ्य, सफाई, नुक्कड़ नाटक सहित विविध आयोजन किए जाएंगे।

प्रभारी डॉ. अभिषेक पटेल के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने प्रथम दिन गलियों की सफाई कर शिविर का शुभारंभ किया। सुबह 5 बजे प्रभात फेरी भी निकाली गई। शासकीय कॉलेज गुण्डरदेही का एनएसएस शिविर ग्राम कोड़ेवा में चल रहा है। इसमें प्रतिदिन विविध आयोजन किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर के अलावा बौद्धिक परीक्षा भी ली जाएगी। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य व शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। गांव की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें छात्राओं ने स्वास्थ्य व शिक्षा से संबंधित जागरूकता के नारे लगाए। वहीं पांच ग्रुप में बंटकर पूरे गांव के गलियों की साफ सफाई की गई। स्कूल परिसर की भी साफ सफाई की है।

- पहले दिन गांव में निकाली प्रभात फेरी और लगाये नारे

शिविर के प्रभारी डॉ. अभिषेक पटेल ने बताया कि प्राचार्य डॉ. चंदना बोस के निर्देश पर यह सात दिवसीय आवासीय शिविर ग्राम कोड़ेवा में लगाया गया है। इसमें छात्र छात्राओं की शारीरिक विकास के अलावा बौद्धिक विकास पर भी ध्यान दिया जाता है।



## स्कूल में परोसा गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत बच्चों क़ो सुपोषित करने व सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण पोषक आहार प्रदान करने के उद्देश्य से न्योता भोज आयोजित किया जाता हैं।

इस कड़ी में शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड संकुल केंद्र बेलौदी में दो छात्र शालानायक जानवी महिपाल व इंद्रजीत साहू ने अपने जन्मदिन पर स्वच्छता का संकल्प लेकर साबुन बैंक में साबुन दान किया। साथ ही उनके परिजनों ने शाला में न्योता भोज कराया। पंचायत प्रतिनिधि सरिता भोज राम महिपाल ने अपणी पुत्री का जन्मदिन बच्चों क़े बीच मनाकर ख़ुशी जाहिर की। उन्होंने कहा की बच्चों क़े साथ खुशियां बांटने से खुशियां दोगुनी हो जाती है। न्योता भोज कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी। संस्था की ओर से प्रधानपाठक संदीप जोशी, कैलाश साहू ने जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षक द्रोणकुमार सार्वा, मुकेश साहू, देवेंद्र साहू, मधुनेताम, पूजा साहू, बगेशवरी साहू, प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, रोहित देवागण, लालजी साहू, जितेशवरी साहू सहित सफाई कर्मी भीषम, लवकुश, ग्रामीण रोहित देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बिरेतरा पंचायत में मितानिनें सम्मानित

**लाटाबोड़।** गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरेतरा (भा.) के सभागार में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरपंच योगेश देशमुख ने बताया की विगत पांच वर्षों से ग्राम पंचायत द्वारा उपस्वास्थ्य केंद्र बिरेतरा में पदस्थ समस्त कर्मचारियों एवं मितानिनों का सम्मान करते आ रहे है और उसी परम्परा को बनाये रखते हुए मंगलवार को ग्राम पंचायत सभागार में उप स्वास्थय केंद्र में पदस्त कर्मचारीगण के साथ ही मितानिनों का ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा साड़ी एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच योगेश कुमार देशमुख, उपसरपंच कृपाराम निषाद, पंचायत सचिव सुरेश साहू एवं समस्त पंचगण, रोजगार सहायक एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकजनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ।

### विशाल रक्तदान शिविर 12 को

**अंडा।** शहीद वीर नारायण सिंह दिवस के उपलक्ष्य पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 12 दिसम्बर को सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र निकुम में रखा गया है। छ.ग.स्वा. कर्मचारी संघ, शिक्षा विभाग, स्वामी विवेकानंद मानस सेवा समिति निकुम एवं समस्त दुर्ग ग्रामीण सहयोग करेंगे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

### मंगलाचरण महाभारत खंड एवं परीक्षित जन्म कथा का श्रोताओं ने लिया आनंद

# भगवान की शक्ति ही भक्तों की करती है रक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का दूसरे दिन मंगलाचरण महाभारत खंड एवं परीक्षित जन्म कथा का आनंद श्रोतागणों ने लिया। इसमें कथा वाचक सुरेश कुमार दीन ने विस्तार से परीक्षित जन्म की कथा बताई। कथावाचक ने बताया कि बंधनों का कारण हमारा मन है, इसी मन के कारण कोई संपत्ति से बंधा है। कोई परिवार से कोई व्यापार से यही हमारा मोह है मन के द्वारा ही हमारी बंधन है और हमारी मुक्ति है जैसे ताले में चाबी एक होता है पर काम दो आता है, एक बंद करने का एक खोलने का इस तरह हमारा मन भी एक है पर काम दो करते हैं। जब तक भगवत भक्ति मार्ग का पालन नहीं करेंगे तब तक परम सुख शांति की प्राप्ति नहीं हो सकती।

यज्ञ कार्यक्रम के प्रभारी दुलारी देवांगन ने बताया कि सुबह 8 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आज शुभारंभ हुआ, जिसमें लोगों ने आहुति प्रदान की साथ ही यह यज्ञ प्रतिदिन सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के संस्कार निशुल्क रूप से कराए जाएंगे। जिसमें मुख्य रूप से पुंसवन संस्कार नामकरण संस्कार और अन्नप्राशन संस्कार विद्यारंभ संस्कार एवं दीक्षा संस्कार शामिल है। परीक्षित के रूप में गुहाराम देवांगन गायत्री देवांगन भागवत कथा में शामिल हैं।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511